फा सं. डी-29013/13/2016-सा.-IV

संघ लोक सेवा आयोग

धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड

नई दिल्ली-110069

निविदा जांच दस्तावेज सं.-सं.लो.से.आ./15/2016 सा. IV

## ई-निविदा आमंत्रण सूचना

केवल उन फर्मों से जो जिला औद्योगिक केंद्र या खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग या खादी तथा ग्रामीण उद्योग बोर्ड या कोयर बोर्ड या राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम या हस्तशिल्प निदेशालय या सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा निर्दिष्ट कोई अन्य निकाय के साथ पंजीकृत हैं, से फाइल कवर (हैंडमेड) की प्राप्ति हेतु एकल बोली प्रणाली के आधार पर 3 वर्षों के लिए ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। ऑनलाइन निविदा फाइल कवर (हैंडमेड) की आपूर्ति के संबंध में है। कार्य संबंधी विशिष्ट विवरण इस दस्तावेज के अनुबंध-क में दर्शाया गया है। तीन वर्षों की अवधि के लिए निविदा की अनुमानित लागत लगभग 2,30,760/- रूपये (दो लाख तीस हजार सात सौ साठ रूपए मात्र) है। मैन्युअल बोलियां स्वीकार नहीं की जाएगी ।

निविदा दस्तावेज़ सं. लो. से. आ. की वेबसाइट www.upsc.gov.in (केवल संदर्भ हेतु) और सी पीपी साइट https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउन लोड की जा सकती है जिनकी समय सीमा क्रिटिकल डेट शीट में दी गई है जो निम्नानुसार है :-

**सामान्य निबंधन एवं शर्तें**

**क्रिटिकल डेट शीट:-**

| | |
|---|---|
| प्रकाशित किए जाने की तारीख | 12-01-2017 |
| बोली दस्तावेज को डाउनलोड करने / बिक्री शुरू करने की तारीख | 12-01-2017 |
| बोली के स्पष्टीकरण के शुरू होने की तारीख | 12-01-2017 |
| बोली के स्पष्टीकरण की समाप्ति की तारीख | 01-02-2017 |
| बोली पूर्व बैठक | लागू नहीं |
| बोली के प्रस्तुतीकरण के शुरू होने की तारीख | 12-01-2017 |
| बोली के प्रस्तुतीकरण की समाप्ति की तारीख | 01-02-2017(1500 Hrs) |
| बोली को खोलने की तारीख | 02-02-2017(1500 Hrs) |

बोलियां केवल ऑन लाइन सीपीपी वेब साइट https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर प्रस्तुत की जाएगी ।

निविदाकर्ता/ संविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि केन्द्रीय लोक प्रापण पोर्टल पर https://eprocure.gov.in/eprocure/app के माध्यम से ऑन लाइन बोलियों के ई प्रस्तुतीकरण के लिए निविदाकर्ता/ संविदाकर्ता को अनुदेश में दी गई अनुदेशों का अनुपालन करें।

1. <u>बोली के प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया:-</u>

ऑनलाइन निविदा एकल भाग में अर्थात् बोली मूल्य के माध्यम से ऑन लाइन प्रस्तुत की जाएगी। प्रस्तुत की जाने वाली बोली के सभी पृष्ठ, दस्तावेज़ों के विषय वस्तु की प्रकृति से असंबद्ध रहते हुए दस्तावेज़ों को डाउन लोड किए जाने से पहले बोलीदाता द्वारा हस्ताक्षर तथा क्रमित रूप से संख्या दी जानी चाहिए ।

टेलीग्राम / फैक्स / ई-मेल तथा अन्य तरीकों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा । इस मुद्दे पर कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

2 <u>प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज:-</u>

निविदा दस्तावेज के साथ बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेज (अनुबंध-ख के अनुसार) प्रस्तुत करने हैः

(क) जिला औद्योगिक केंद्र या खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग या खादी तथा ग्रामीण उद्योग बोर्ड या कोयर बोर्ड या राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम या हस्तशिल्प निदेशालय या सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा निर्दिष्ट कोई अन्य निकाय के साथ पंजीकृत फर्म के प्रमाण पत्र की स्व-अनुप्रमाणित स्कैन्ड प्रति।

(ख) पैन कार्ड की स्व-अनुप्रमाणित स्कैन्ड प्रति।

(ग) वर्ष 2015-16 की फर्म / मालिक की आयकर विवरणी की स्व-अनुप्रमाणित स्कैन्ड प्रति ।

(घ) टिन संख्या सहित बिक्री कर / वैट पंजीकरण प्रमाण पत्र की स्व-अनुप्रमाणित स्कैन्ड प्रति ।

(ड.) इस आशय का एक प्रमाण पत्र कि फर्म को किसी सरकारी विभाग के द्वारा न तो <u>काली सूची</u> में डाला गया है और न ही भारत में किसी भी स्थान पर फर्म या उसके मालिक/ साझेदार के विरूद्ध कोई आपराधिक मामला पंजीकृत/ लंबित है, सहित फर्म या उनके मालिक/ साझेदार की सूची एवं उनका संपर्क दूरभाष संख्या सहित उनकी स्कैन्ड प्रति ।

(च) अनुबंध- ग के अनुसार फर्म के विवरण की स्व-अनुप्रमाणित स्कैन्ड प्रति ।

(छ) अनुबंध- घ के अनुसार निर्धारित प्रपत्र में परिवचन की स्कैन्ड प्रति ।

**2.1 बोलीदाता को अनुबंध- ड. में दिए गए जांचसूची में वर्णित दस्तावेजों की स्कैन्ड प्रति जो विधिवत रूप से प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षर की गई हो, प्रस्तुत की जानी चाहिएः**

**<u>3 बोली:-</u>**

**3.1 अनुबंध-ख के अनुसार निर्धारित प्रपत्र में उद्धृत दरों की स्कैन्ड प्रति अपलोड की जानी चाहिए। <u>बिना मुहर लगी हुई और/ या अथवा बिना हस्ताक्षर की गई बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा ।</u>**

**4. <u>जमा धरोहर राशि :-</u> चूंकि बोलियां केवल सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम मंत्रालय के साथ पंजीकृत वेंडरों से ही आमंत्रित की गई हैं, उन्हें जमा धरोहर राशि से छूट प्राप्त है।**

**5. बोली के खुलने की तारीख से बोली इस कार्यालय की स्वीकार्यता के लिए छह महीने की अवधि के लिए वैध रहेगी ।**

**6 <u>निष्पादन प्रतिभूति</u>**

**(क) सफल बोलीदाता को अपनी पंजीकरण स्थिति आदि से असम्बद्ध रहते हुए संविदा प्रदान करते समय सचिव, संघ लोक सेवा आयोग के पक्ष में स्वीकार्य रूप में किसी वाणिज्यिक बैंक से आदाता खाता डिमांड ड्राफ्ट/ पे आर्डर/ मियादी जमा रसीद के रूप में संविदा मूल्य के 5% की दर से निष्पादन प्रतिभूति प्रस्तुत करनी होगी ।**

**(ख) निष्पादन प्रतिभूति वारंटी बाध्यताओं सहित आपूर्तिकर्ता के सभी संविदात्मक बाध्यताओं के पूरा होने की तारीख से परे <u>साठ दिन</u> की अवधि के लिए वैध रहेगी ।**

**(ग) संविदा का सही तरह विधिवत निष्पादित और पूरा हो जाने के बाद निष्पादन प्रतिभूति को बिना किसी ब्याज के, चाहे जो भी हो, आपूर्तिकर्ता को लौटा दिया जाएगा ।**

**(घ) यदि फर्म संविदा की किसी निबंधन एवं शर्तों के निष्पादन में विफल रहती है तो इसको काली सूची में डालने के अलावा निष्पादन प्रतिभूति जब्त कर ली जाएगी ।**

**(ड़) फर्म की विनिर्दिष्ट सुपुर्दगी अवधि के भीतर वस्तुओं की आपूर्ति में विफल रहने की स्थिति में उक्त सामग्री खुले बाजार से खरीदी जाएगी और लागत अंतर, यदि कोई हो, को प्रतिभूति राशि से या चूककर्ता फर्म के लंबित बिलों से वसूला जाएगा या दोनों से वसूला जाएगा यदि वसूली योग्य राशि निष्पादन प्रतिभूति से अधिक है ।**

7. बोलीदाताओं को निविदा प्रारूप के अनुसार अपनी बिना शर्त की दरों का उल्लेख करना चाहिए । काट-छांट/ ओवर राइटिंग, यदि कोई हो, के लिए प्रतिहस्ताक्षर किए जाने चाहिए । <u>निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विधिवत मुहर लगाई जानी चाहिए और हस्ताक्षर किए जाने चाहिए ।</u>

8. यदि बोलीदाता/ फर्म केन्द्र सरकार के किसी अन्य मंत्रालय/ विभाग को फाइल कवर (हैंड मेड) पहले से ही प्रदान कर रही है अथवा किसी सरकारी मंत्रालय/ विभाग के पास पंजीकृत है तो उसका विवरण तकनीकी बोली के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए । डी जी एस एंड डी, एन एस आई सी या अन्य किसी सरकारी एजेंसी/ विभाग के पास पंजीकृत हो तो उनका ब्यौरा भी बोली के साथ प्रस्तुत किया जाए ।

9. निविदा में भाग लेने वाली सभी फर्मों को अपने संपर्क टेलीफोन नं. सहित अपने मालिकों/ साझेदारों की सूची और इस आशय का प्रमाणपत्र/ शपथ पत्र प्रस्तुत करना चाहिए कि फर्म को न तो किसी सरकारी विभाग द्वारा काली सूची में डाला गया है और न ही फर्म के विरूद्ध कोई आपराधिक मामला पंजीकृत है/ लंबित है ।

10. <u>अन्य निबंधन एवं शर्तें:</u>

क) <u>बोली इस कार्यालय की स्वीकार्यता के लिए निविदा खोलने की तारीख से छः माह के लिए वैध रहेगी । कम वैधता अवधि वाली बोली को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दी जाएगी ।</u>

ख) काल्पनिक और/ या सशर्त बोली पर विचार नहीं किया जाएगा ।

ग) फाइल कवर (हैंड मेड) सामान्यतया तिमाही आधार पर खरीदे जाएंगे । तथापि, आपात स्थिति में आपूर्तिकर्ता को अपेक्षित मद (मदों) की तत्काल आपूर्ति के लिए कहा जा सकता है ।

घ) फाइल कवर (हैंड मेड) सामान्य-IV अनुभाग, संघ लोक सेवा आयोग, आयोग सचिवालय, शाहजहां रोड, नई दिल्ली को सुपुर्द की जानी चाहिए । इस कार्यालय को फाइल कवर (हैंड मेड) भेजने के सभी व्यय केवल संबंधित फर्म द्वारा ही वहन किए जाएंगे ।

ड.) उद्धृत की गई दरें संविदा प्रदान करने संबंधी आशय पत्र की तारीख से <u>तीन वर्ष की अवधि के लिए वैध रहेंगी । तथापि, संविदा को इस कार्यालय के विवेकानुसार आगे एक वर्ष की अवधि के लिए उन्हीं दरों और उन्हीं निबंधन एवं शर्तों पर बढ़ाया जा सकता है ।</u>

च) मदों की मात्रा को इस कार्यालय की अपेक्षानुसार बढ़ाया या घटाया जा सकता है ।

छ) मालिक/ फर्म अपने स्वयं के प्रत्यक्ष टेलीफोन (कार्यालय के साथ-साथ आवास) और मोबाइल फोन पर भी उपलब्ध होना चाहिए ताकि आपात स्थिति में बुलाया जा सके । मोबाइल नं. भी दिया जाना चाहिए ।

ज) किसी बोलीदाता के घटिया/ नकली/ जाली उत्पाद आपूर्ति करते पाए जाने पर उसे सरसरीतौर पर काली सूची में डाल दिया जाएगा और उसकी निष्पादन प्रतिभूति / जमा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी ।

झ) सचिव सं.लो.से.आ. वस्तुओं की विनिर्दिष्टताओं के समनुरूप न होने की स्थिति में उसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है ।

ञ) आपूर्तिकर्ता से अपेक्षा की जाती है कि वे पूर्ण आपूर्ति से पूर्व आर्ट वर्क तथा फाइल कवर के नमूने की प्रतियां इस कार्यालय के अनुमोदन के लिए अग्रिम रूप से आपूर्ति करें।

i) आर्ट वर्क तथा अग्रिम नमूनों की अनुमोदित मद(मदें) आपूर्ति आदेश की तारीख से दस दिनों की अवधि के भीतर आपूर्ति की जानी हैं।

ii) आपूर्ति आदेश में निर्दिष्ट आपूर्ति की मात्रा आर्ट वर्क तथा अग्रिम नमूनों के अनुमोदन सूचित किए जाने के 25 दिनों के भीतर आपूर्ति की जानी हैं।

iii) आपूर्ति पूर्ण रूप से अनुमोदित अग्रिम नमूनों के अनुसार की जानी चाहिए।

11. बोलियों का मूल्यांकन :-

(क) बोली का मूल्यांकन इस कार्यालय के सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर किया जाएगा । बोली की स्वीकार्यता के संबंध में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय सभी बोलीदाताओं पर बाध्यकारी होगा और इसे चुनौती नहीं दी जा सकती। इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

(ख) एल-1 बोलीदाता का निर्णय एन पी वी (निवल वर्तमान मूल्य) के आधार पर किया जाएगा। बट्टे की दर 10 प्रतिशत वार्षिक के रूप में ली जाएगी। चूंकि बट्टे की दर पूर्व प्रकटित है, एन पी वी की गणना का उदाहरण वित्तीय बोली के अनुबंध-ख पर दिए गए प्रोफार्मा में दिया गया है।

(ग) वैट / बिक्रीकर की दर, यदि कोई हो, को मूल्य अनुसूची में अलग-अलग उद्धत किया जाना चाहिए।

(घ) वैट में शामिल नही की गई दरों को वित्तीय मूल्यांकन हेतु विचार किया जाएगा।

12. <u>निर्धारित क्षति :-</u> सामान्य परिस्थितियों में फाइल कवर (हैंड मेड) की आपूर्ति, आपूर्ति आदेश की प्राप्ति की तारीख से 10 दिनों के भीतर या आपूर्ति आदेश में वर्णित कार्यक्रम के अनुसार पूरी तरह से किया जाना अपेक्षित है । सामग्री की आपूर्ति में विलंब के मामले में इस कार्यालय द्वारा चूककर्ता फर्म पर आपूर्ति न की गई मदों की कुल लागत के 1% प्रति दिन की दर से निर्धारित क्षति लगाई जाएगी जो अधिकतम आपूर्ति न की गई वस्तुओं की कुल लागत की 10% तक लगाए जाने के अध्यधीन है । 10 दिन से अधिक विलंब के मामले में इस कार्यालय को आपूर्तिकर्ता के जोखिम और लागत पर अन्य किसी एजेंसी से संबंधित मद (मदों) को खरीदने की स्वतंत्रता होगी और इसका परिणाम निष्पादन प्रतिभूति / जमा धरोहर राशि की जब्ती होगी ।

13. <u>जोखिम क्रय खंड :-</u> यदि बोली प्रस्तुत करने और उसकी स्वीकृति के बाद अर्थात आर्डर देने के बाद आपूर्तिकर्ता इन निविदा दस्तावेजों के निबंधन एवं शर्तों से बंधे रहने में विफल रहता है या दी गई सुपुर्दगी कार्यक्रम के अनुसार सामग्री की आपूर्ति में विफल रहता है या किसी भी समय संविदा से मुकर जाता है तो संघ लोक सेवा आयोग को जमा धरोहर राशि/ निष्पादन प्रतिभूति, यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा जमा की गई हो, को जब्त करने और आपूर्तिकर्ता के जोखिम और परिणाम पर सामग्रियों को अन्य एजेंसी से खरीदने का अधिकार होगा । ऐसी खरीद की लागत अन्य आकस्मिक प्रभारों जिसमें सीमाशुल्क, कर, भाड़ा और बीमा आदि शामिल हैं, सहित आपूर्तिकर्ता से वसूला जाएगा । संघ लोक सेवा आयोग को वैकल्पिक स्त्रोत के माध्यम से सामग्री खरीदने के लिए बाध्य होने पर और यदि खरीद मूल्य कम है तो इसका कोई लाभ आपूर्तिकर्ता को नहीं दिया जाएगा ।

14. <u>अनिवार्य बाध्यता</u> फर्म अपने तार्किक नियंत्रण के परे किसी दैवी आपदा, युद्ध, दंगे, अवरोध, हड़ताल, तालाबंदी, किसी सरकारी प्राधिकारी के कारण लाइसेंस प्राप्ति में होने वाले विलंब या संविधियों के अंतर्गत आवेदन रद्द होने, विद्युत आपूर्ति में बाधा, दुर्घटना या विघटन या ऐसे कारणों से उत्पन्न प्रचालन जो आपूर्तिकर्ता की दुर्भावना को न दर्शाती हों, आग, बाढ़ से होने वाली असफलता के प्रति उत्तरदायी नहीं होगी।

15. <u>मध्यस्थता</u>

संघ लोक सेवा आयोग तथा फर्म के बीच पैदा होने वाले किसी विवाद या मतभेद जो किसी परिणाम, अर्थ तथा प्रक्रिया या इस संविदा पर पड़ने वाले प्रभाव या संविदा भंग होने की स्थिति में विवाद का निपटान मध्यस्थता तथा समाधान अधिनियम 1996 के उपबन्धों के अनुसार संघ लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त मध्यस्थ द्वारा किया जा सकेगा और उसका निर्णय संघ लोक सेवा आयोग तथा फर्म दोनों पर बाध्यकारी होगा । मध्यस्थता का स्थल दिल्ली होगा ।

16. <u>क्षेत्राधिकार</u>

मध्यस्थता के अध्यधीन उपर्युक्त के अलावा इस करार के कारण कोई वाद या कार्रवाई जो दोनों पक्षों में से किसी भी अधिकार का हनन करती हो, दिल्ली में दायर की जाएगी और उस पर केवल दिल्ली के

न्यायालय में ही न्यायिक जांच होगी और अन्य किसी न्यायालय में नहीं और अब से दोनों पक्ष ऐसे न्यायालय के क्षेत्राधिकार को स्वीकार करने के प्रति स्वेच्छा से सहमत होंगे ।

17. भुगतान सामग्री के अच्छी और संतोषजनक स्थिति में प्राप्ति के बाद और अनुमोदित गुणवत्ता एवं विनिर्दिष्टियों के लिए आपूर्ति की गई सामग्री के समनुरूप होने के सत्यापन के बाद शीघ्र प्रस्तुत किए जाने वाले बिलों पर किया जाएगा ।

18. बोलीदाता को यह परिवचन देना होगा कि उसने किसी भी अन्य मंत्रालय / सरकारी संगठन में संघ लोक सेवा आयोग से कम दरें उद्धृत नहीं की है । परिवचन अनुबंध-घ में निर्धारित प्रोफार्मा में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

19. आपूर्तिकर्ता के बिलों पर यथा लागू स्रोत पर आयकर की कटौती की जाएगी।

20. प्रत्येक बोलीदाता को यह प्रमाणित करना होगा कि उन्हें सभी निबंधन और शर्तें स्वीकार्य हैं।

21. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग के पास बिना कारण बताए किसी बोली को पूर्णतया अथवा उसके भाग को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है । इस संबंध में संघ लोक सेवा आयोग का निर्णय अंतिम होगा और फर्म पर बाध्यकारी होगा ।

(सी एम कैथ)
अवर सचिव (सामान्य)
दूरभाष सं. 23388418

**अनुबंध-क**

**प्रापण के लिए प्रस्तावित फाइल कवर (हैंड मेड)**

**अपेक्षाओं की सूची**

| क्रम संख्या | एम एस टी आर सीरीज मदें | वस्तुओं/ सेवाओं की विनिदिर्ष्टियां | 3 वर्ष के लिए कुल मात्रा | अभ्युक्तियां |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फाइल कवर (हैंड मेड) | संघ लोक सेवा आयोग द्वारा अनुमोदित अग्रिम नमूने के अनुसार (कृपया इस निविदा आमंत्रण सूचना का खंड 10(जे) देखें) | 36,000 (12,000 प्रति वर्ष) | संघ लोक सेवा आयोग की वास्तविक अपेक्षाओं के अनुसार मदों का आदेश दिया जाएगा। आदेश सामान्यतः तिमाही आधार पर दिया जाएगा। |

**टिप्पणी: भावी बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे बोली से पूर्व उपर्यक्त मद (मदों) के विद्यमान नमूनों को देख लें। यह नमूने सामान्य-IV अनुभाग के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक देखे जा सकते हैं। इसके लिए अनुभाग अधिकारी (सामान्य-4) को 011-23381388 पर संपर्क करें।**

**अनुबंध-ख**

**निविदा प्रपत्र**

**फाइल कवर ( हैंड मेड) की आपूर्ति हेतु निविदा**

दिनांक:

सेवा में

श्री सी एम कैथ
अवर सचिव(सामान्य-IV)
संघ लोक सेवा आयोग
धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड
नई दिल्ली-110069

संदर्भ : दिनांक-------------------------------का आपका निविदा नोटिस सं.-----------------------------

हम अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त निविदा नोटिस की जांच की है और प्रत्येक मद का नमूना देखा है। अब हम विनिर्दिष्टियों और दरों के समनुरूप अपेक्षित फाइल कवर (हैंड मेड) की आपूर्ति और सुपुर्दगी करने का प्रस्ताव करते हैं जो निम्नानुसार है :-

| क्र.सं. | मद | वर्ष | मात्रा | इकाई मूल्य रूपये में (कर रहित) | कर(वैट/ बिक्री कर) | | इकाई मूल्य कर सहित | कुल मूल्य कर रहित | कुल मूल्य कर सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | प्रति-शत | राशि (रूपयों में) | | | |
| क | ख | ग | घ | ड. | च | छ | ज=(ड.+छ) | झ=(घXड.) | ञ=(घXज) |
| 1. | फाइल कवर (हैंड मेड) | प्रथम | 12,000 | | | | | | |
| | | द्वितीय | 12,000 | | | | | | |
| | | तृतीय | 12,000 | | | | | | |
| | | | | | | | कुल योग | --- रूपये | --- रूपये |

टिप्पणी: कर की दर, यदि कोई हों, को अलग से उद्धृत किया जाना चाहिए। अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि उद्धृत दरों में सभी कर शामिल हैं।

**एल-1 फर्म का निर्णय करने के लिए निम्नलिखित कारकों पर विचार किया जाएगा।**

वर्षवार डिस्काउटिंग की दर 10% उद्धृत की जाएगी । इसलिए, एन पी वी के आधार पर एल-1 पर निर्णय लिया जाएगा जिसका परिकलन निम्नानुसार किया जाएगा :-

एन पी वी - {वाई 1+ वाई 2/ (1+0.1) + वाई 3/ $(1+0.1)^2$ }

एन पी वी का अर्थ निवल वर्तमान मूल्य

वाई 1 का अर्थ प्रथम वर्ष के लिए उद्धृत दर

वाई 2 का अर्थ द्वितीय वर्ष के लिए उद्धृत दर

वाई 3 का अर्थ तृतीय वर्ष के लिए उद्धृत दर

उदाहरण के लिए यदि प्रथम वर्ष (वाई 1) के लिए उद्धृत दर 1000 है, दूसरे वर्ष (वाई 2) के लिए उद्धृत दर 1200 और तृतीय वर्ष (वाई 3) के लिए उद्धृत दर 1400 है तो एन पी वी निम्नानुसार होगा :-

एन पी वी = 1000+(1200/ 1.1) + (1400/ 1.21)

= 1000+1090.91+ 1157.02

= 3247.93

इस प्रकार, एन पी वी 3247.93/- रू. है । एल-1 वेंडर का चयन एन पी वी के आधार पर होगा। तथापि एल-1 वेंडर को भुगतान वेंडर द्वारा उद्धृत की गई वर्षवार दर के आधार पर किया जाएगा।

2. सचिव, सं. लो. से. आ. के पक्ष में जमा धरोहर राशि के रूप में ..........................................में (बैंक और शाखा का नाम) पर देय .................................... रू. (..............................................रूपए) की राशि का दिनांक ..............................................का पे आर्डर/ डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक ........................................... की प्रतियां एतदद्वारा प्रस्तुत की जाती है । निविदा जांच दस्तावेज के अनुसार अपेक्षित अन्य दस्तावेज/ कागजात भी एतद्द्वारा प्रस्तुत करते हैं।

3. यदि हमारी बोली स्वीकार कर ली जाती है तो हम उपर्युक्त निविदा जांच की निबंधन और शर्तों के अनुसार बोली में उद्धृत की गई दर पर सामान की आपूर्ति करने का वचन देते हैं।

4. हम उपर्युक्त निविदा नोटिस में यथा अपेक्षित हमारी फर्म के संबंध में निम्नलिखित दस्तावेज/ कागजात भी एतद्द्वारा प्रस्तुत करते हैं :-

(क) जिला औद्योगिक केंद्र या खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग या खादी तथा ग्रामीण उद्योग बोर्ड या कोयर बोर्ड या राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम या हस्तशिल्प निदेशालय या सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा निर्दिष्ट कोई अन्य निकाय के साथ पंजीकृत फर्म के प्रमाण पत्र की स्व-अनुप्रमाणित प्रति।

(ख) हमारी फर्म के पत्र शीर्ष पर विहित प्रपत्र अर्थात निविदा नोटिस के अनुबंध-ग में हमारी फर्म का ब्यौरा।

(ग) कर निर्धारण वर्ष ---------------------(वर्ष दर्शाया जाए) के लिए अद्यतन आयकर विवरणी की स्व-अनुप्रमाणित प्रति।

(घ) बिक्री कर/ वैट पंजीकरण प्रमाण पत्र की स्व-अनुप्रमाणित प्रति।

(ड.) फर्म/ मालिक (मालिकों) के पैन की स्व-अनुप्रमाणित प्रति ।

(च) निविदा में यथा-अपेक्षित अन्य दस्तावेज।

5. हम आगे यह पुष्टि करते हैं कि यदि हमारी बोली स्वीकार कर ली जाती है तो हम निविदा सूचना की शर्तों में स्वीकार्य रूप में अपेक्षित राशि की एक निष्पादन प्रतिभूति आपको प्रदान करेंगे।

6. हम हमारी बोली को निविदा खोलने से छह माह की अवधि की स्वीकृति के लिए वैध रहने पर सहमत हैं। तदनुसार हम उपर्युक्त अवधि तक इस बोली से बंधे रहने की भी पुष्टि करते हैं और यह बोली उक्त अवधि की समाप्ति से पहले किसी भी समय स्वीकार की जा सकती है। हम आगे इस बात की पुष्टि करते हैं कि उपर्युक्त अवधि के भीतर आपकी लिखित स्वीकृति के साथ पठित यह बोली हमारे बीच बंधकारी संविदा गठित करेगी।

7. हम आगे यह समझते हैं कि आप निम्नतम या कोई बोली जो आपकी ऊपर संदर्भित निविदा पूछताछ के विरूद्ध प्राप्त करते हैं, को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं हैं।

8. हम उपर्युक्त निविदा जांच की सभी निबंधन और शर्तों को स्वीकार करते हैं।

--------------------------------------------

(दिनांक सहित हस्ताक्षर)

--------------------------------------------

(नाम और पदनाम)

-----------------------------------के लिए और की ओर से निविदा पर हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत

---

(फर्म की कार्यालय मुहर)

टिप्पणी : (क) फर्म की कार्यालय मुहर और प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर इस निविदा फार्म बोली के प्रत्येक पृष्ठ पर होने हैं।

(ख) ओवर राइटिंग, यदि कोई हो, के लिए प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किए जाने चाहिए।

<u>**अनुबंध - ग**</u>

## फाइल कवर (हैंड मेड)की आपूर्ति हेतु निविदा

## फर्म का विवरण

**(फर्म के शीर्ष पत्र पर)**

**1. फर्म का नाम : -----------------------------------**

**2. कार्यालय का पता : --------------------------------**

**3. दूरभाष सं. : -------------------------------------**

**4. फैक्स सं. : ----------------------------------------**

**5. फर्म के निदेशक/ साझेदार/ मालिक का विवरण :**

**क) नाम :**

**ख) आवासीय पता (पते) :**

**ग) मोबाइल नं. :**

**6. बिक्री कर पंजीकरण सं. / टी आई एन : ------------------------------------------------------**

**(पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)**

**7. फर्म/ मालिक का स्थायी खाता सं. (पैन नं.) : ---------------------------------------------**

**8. यह प्रमाणित किया जाता है कि हमारी फर्म को किसी सरकारी विभाग द्वारा न तो काली सूची में डाला गया है न ही उक्त फर्म अथवा इसके मालिक/ साझेदारों के विरूद्ध भारत में कहीं भी कोई आपराधिक मामला पंजीकृत है/ लंबित है।**

**--------------------------**

**(दिनांक सहित हस्ताक्षर)**

**---------------------------------**

**(नाम और पदनाम)**

**----------------------- के लिए और की ओर से निविदा पर हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत**

**------------------------------------**

**(फर्म की कार्यालय मुहर)**

**<u>अनुबंध-घ</u>**

**<u>फाइल कवर (हैंड मेड) के प्रापण के लिए निविदा</u> ।**

**<u>परिवचन</u>**

**हम..................................................................................................................................**
**..........**

**..................................................................................................................................**
**...........**

**(फर्म का नाम तथा पता) दिनांक .............................. के संघ लोक सेवा आयोग के निविदा आमंत्रण सूचना के प्रत्युत्तर में निम्नानुसार सत्यापित करते हैं:**

**“हम लोगो द्वारा मदों के लिए उद्धृत की गई दर उसी प्रकार के कार्य के लिए अन्य मंत्रालयों / सरकारी संगठनों के लिए उद्धृत की गई दरों से अधिक नहीं है” ।**

**(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)**
**रबड की मोहर सहित फर्म / बोलीदाता का नाम तथा पता**

**अनुबंध-ड.**

**जांचसूची**

| क्रम सं. | विवरण | हां या नहीं |
|---|---|---|
| 1 | विधिवत भरा हुआ निविदा प्रपत्र | |
| 2 | निर्धारित प्रपत्र (अनुबंध - ख) में विधिवत भरी हुई बोली | |
| 3. | पैन कार्ड की प्रति | |
| 4 | वर्ष 2015-2016 के लिए फर्म/ मालिक के आयकर विवरणी की प्रतियां | |
| 5 | टिन संख्या सहित बिक्री कर/ वैट पंजीकरण प्रमाणपत्र | |
| 6 | अनुबंध-घ के अनुसार के अनुसार निर्धारित प्रपत्र में परिवचन | |
| 7 | जिला औद्योगिक केंद्र या खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग या खादी तथा ग्रामीण उद्योग बोर्ड या कोयर बोर्ड या राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम या हस्तशिल्प निदेशालय या सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा निर्दिष्ट कोई अन्य निकाय के साथ पंजीकृत फर्म के प्रमाण पत्र की स्व-अनुप्रमाणित प्रति। | |
| 8 | फर्म के पत्र शीर्ष पर अनुबंध-ग में दिए गए अनुसार फर्म का विवरण | |

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

फर्म का नाम तथा पता

**अनुबंध-च**

**ऑन लाइन बोली प्रस्तुत करने के अनुदेश**

**बोलीदाताओं को वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र का प्रयोग करते हुए सी पी पी पोर्टल पर इलेक्ट्रानिक माध्यम से बोलियों की साफ्ट प्रति प्रस्तुत करना अपेक्षित है । नीचे दिए गए अनुदेश का तात्पर्य सी पी पी पोर्टल पर रजिस्टर करने के लिए, अपेक्षानुसार अपनी बोलियों को तैयार करने तथा सी पी पी पोर्टल पर अपनी बोलियों को ऑन लाइन प्रस्तुत करने में बोलीदाताओं की सहायता करना है ।**

**सीपीपीपी पोर्टल पर ऑन लाइन बोली प्रस्तुत करने के लिए और अधिक उपयोगी जानकारी** https : // eprocure.gov.in / eprocure /app **से प्राप्त की जा सकती है ।**

**पंजीकरण:**

1. **बोलीदाताओं को केन्द्रीय लोक प्रापण पोर्टल के ई-प्रोक्यूरमेंट माड्यूल ( यू आर एल:** https:// eprocure.gov.in/eprocure/app) **(सी पी पी पोर्टल) पर "ऑन लाइन बोलीदाता इनरॉलमेंट" के लिंक पर क्लिक करके जो प्रभार रहित है, पर इनरॉल करना अपेक्षित है ।**

2. **इनरॉलमेंट प्रक्रिया के भाग के रूप में बोलीदाताओं को यूनिक यूजरनेम का चयन तथा अपने अकाउन्ट के लिए पासवर्ड असाईन करना अपेक्षित होगा ।**

3. **बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि पंजीकरण प्रक्रिया के रूप में अपने वैध ई-मेल आई डी तथा मोबाइल नं. को रजिस्टर करें । इसे सी पी पी पोर्टल से किसी भी प्रकार के संपर्क के लिए प्रयोग में लाया जाएगा ।**

4. **इनरॉलमेंट पर बोलीदाताओं को अपने -अपने प्रोफाइल सहित सी सी ए भारत द्वारा मान्यता प्राप्त (अर्थात सीफी / टी सी एस / एन काड / ई-मुद्रा आदि ) किसी प्रमाणिक प्राधिकारी द्वारा जारी वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र ( साइनिंग की यूजेज सहित श्रेणी** II **या श्रेणी** III **प्रमाण पत्र ) को रजिस्टर करना अपेक्षित होगा ।**

5. बोलीदाता द्वारा केवल एक वैध डी एस सी पंजीकृत करना चाहिए । कृपया नोट कर लें कि बोलीदाता यह सुनिश्चित करने के प्रति जिम्मेदार होंगे कि उन्होंने अपना डी एस सी किसी अन्य व्यक्ति को उधार नहीं दिया है, जो इसका दुरूपयोग कर सकता है ।

6. बोलीदाता तब सुरक्षित लॉग इन के माध्यम से आना यूजर आई डी / पासवर्ड और डी एस सी / ई- टोकन का पासवर्ड को प्रविष्ट कर साइट पर लॉग करें ।

<u>निविदा दस्तावेज़ की खोज:</u>

1) सी पी पी पोर्टल पर विभिन्न खोज विकल्प मौजूद है, विभिन्न प्राचलों द्वारा सक्रिय निविदा की खोज हेतु बोलीदाताओं को सुविधा प्रदान की गई है । इन प्राचलों में निविदा आई डी, संग्ठन का नाम अवस्थिति, तारीख, मूल्य आदि शामिल किए जा सकते थे । निविदा की उन्नत खोज के लिए एक और विकल्प मौजूद है जिसमें बोलीदाता खोज प्राचलों की संख्या जैसे संगठन का नाम, संविदा फर्म, अवस्थिति, तारीख, अन्य कीवर्ड आदि सी पी पी पोर्टल पर प्रकाशित निविदा की खोज के लिए शामिल कर सकते है ।

2) अपनी रूचि की निविदा का चयन करने के बाद बोलीदाता अपेक्षित दस्तावेज़ / निविदा कार्यक्रम डाऊनलोड कर सकते हैं । ये निविदाएं संबंधित 'मेरी निविदा' फोल्डर में भेजी जा सकती हैं । यह सी पी पी पोर्टल बोलीदाताओं को एस एम एस/ ई-मेल के माध्यम से बोलीदाता को निविदा दस्तावेज़ में जारी होने वाले शुद्धि पत्र की जानकारी देने की क्षमता प्रदान प्रदान करेगा ।

3) बोली को प्रत्येक निविदा को दिए गए यूनिक निविदा आई डी का एक नोट बना लेना चाहिए यदि वे हैल्प डैस्क से किसी प्रकार का स्पष्टीकरण / मदद चाहते है ।

<u>बोली को तैयार करना:</u>

1) अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले बोलीदाता को निविदा दस्तावेज़ में प्रकाशित शुद्धिपत्र को ध्यान में रखना चाहिए ।

2) कृपया निविदा विज्ञापन तथा निविदा दस्जावेज़ों को सावधानीपूर्वक पूरी तरह से पढ़ लें और यह समझ ले कि बोली के भाग के रूप में प्रस्तुत किए गए दस्तावेज़ अपेक्षित है । कृपया लिफाफे की संख्या जिसमें बोली दस्तावेज़ प्रस्तुत किए जाने हैं, प्रत्येक दस्तावेज़ जिन्हें प्रस्तुत किए जाने की आवश्यकता है का नाम तथा विषय वस्तु सहित दस्तावेज़ों की संख्या को नोट कर लें । इनसे उत्पन्न किसी प्रकार के विचलन के कारण बोली अस्वीकृत की जा सकती है ।

3) बोलीदाता को अग्रिम में बोली दस्तावेज़ अनुसूची में यथानिर्दिष्ट बोली दस्तावेज़ों को प्रस्तुत करने के लिए तैयार रहना चाहिए और ये दस्तावेज़ पी डी एफ / एक्स एल एस / डी डब्ल्यू एफ / आर ए आर / जे पी पी फार्मेट में होने चाहिए । बोली दस्तावेज़ों श्वेत तथा श्याम विकल्प सहित 100 डी पी आई के साथ स्कैन किया जाए जो स्कैन किए गए दस्तावेज़ों के आकार को छोटा करने में मदद करता है।

4) उसी प्रकार के अपेक्षित मानक दस्तावेज़ों का अपलोड करने में लगने वाले समय एवं प्रयास को कम करने के लिए, जिसे प्रत्येक बोली के रूप में प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है, ऐसे मानक दस्तावेज़ों (अर्थात पैन कार्ड की प्रति, वार्षिक रिपोर्ट, लेखा परीक्षक का प्रमाण पत्र आदि ) को अपलोड करने का प्रावधान किया गया है जो बोलीदाताओं को मुहैया कराई गई है। ऐसे दस्तावेज़ों को अपलोड करने के लिए बोलीदाता "माई स्पेस" या "अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज़" वाले क्षेत्र का प्रयोग कर सकते है, जो उनके पास उपलब्ध है । बोली को प्रस्तुत करते समय इन दस्तावेज़ों को सीधे "माई स्पेस" पर प्रस्तुत सकते है और इन्हें बार-बार अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है । यह बोली प्रस्तुत करने की प्रक्रिया में लगने वाले समय को अपेक्षित रूप से कम करेगा ।

<u>बोली को प्रस्तुत करना :</u>

1) बोलीदाता को बोली को प्रस्तुत करने के लिए अग्रिम में साईट पर लॉग करना चाहिए ताकि वे बोली को समय पर अर्थात् बोली प्रस्तुत करने की निर्धारित तारीख या उससे पहले अपलोड कर सकते हैं। अन्य मुद्दे के कारण किसी भी देरी के लिए बोलीदाता जिम्मेदार होंगे ।

2) बोलीदाता को निविदा दस्तावेज़ में यथानिर्दिष्ट अपेक्षित दस्तावेज़ों को एक-एक कर अपलोड कर डिजिटल हस्ताक्षर करने हैं ।

3) बोलीदाता को निविदा दस्तावेज़ में यथा लागू निविदा शुल्क / जमा धरोहर राशि का भुगतान करने के लिए “ऑफ लाईन” भुगतान विकल्प का चयन करना होगा और उपकरण के विवरण को प्रविष्ट करना होगा ।

4) बोलीदाता को निविदा दस्तावेज में निर्दिष्ट अनुदेशों के अनुसार जमा धरोहर राशि तैयार करनी चाहिए । मूल दस्तावेज़ को डाक / कुरियर / संबंधित अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख या निविदा दस्तावेज़ में यथा निर्दिष्ट तारीख या निविदा दस्तावेज़ में यथावर्णित तारीख तक भेजी जानी चाहिए । डिमांड ड्राफ्ट / कोई अन्य स्वीकार्य रूप या व्यक्तिगत रूप से भेजे गए विवरणों का मिलान स्कैन प्रति में उपलब्ध विवरण तथा प्रस्तुत करने के समय के दौरान प्रविष्ट किए गए डेटा के साथ कर लेना चाहिए अन्यथा अपलोड की गई बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा ।

5) बोलीदाताओं से अनुरोध किया जाता है कि उन्हें नोट कर लेना चाहिए कि उन्होंने अनिवार्य रूप से प्रदान किए गए फार्मेट में ही अपनी वित्तीय बोली को जमा किया है तथा कोई अन्य फार्मेट स्वीकार्य नहीं है । यदि बोली मूल्य निविदा दस्तावेज़ के साथ मानक बी ओ क्यू फार्मेट में नहीं दिया गया है, तो उक्त को डाउन लोड करने और उसे सभी बोलीदाताओं द्वारा भरा जाए । बोलीदाताओं को बी ओ क्यू फाइल डाउन लोड करना अपेक्षित है इसे खोले और अपने वित्तीय कोट्स तथा अन्य विवरणियों (जैसे बोलीदाता का नाम) सहित सफेद रंग की (असुरक्षित) सेल्स को पूरा करें । किसी अन्य सेल्स को परिवर्तित न करें । एक बार विवरणियों के पूरा हो जाने पर बोलीदाता को इसे सेव कर लेना चाहिए और फाइल के नाम को परिवर्तित किए बिना ऑन लाइन प्रस्तुत कर दें । यदि बी ओ क्यू फाइल को बोलीदाता द्वारा आशोधित किए जाते हुए पाए जाते है तो बोली अस्वीकार कर दी जाएगी ।

6) सर्वरटाइम (जिसे बोलीदाता के डेश बोर्ड पर प्रदर्शित किया गया है) को बोलीदाता द्वारा बोलियों को प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख, बोलियों को खोलना आदि को संदर्भ के लिए मानक समय माना जाएगा । बोलीदाताओं को बोली के प्रस्तुतीकरण के दौरान इस समय का अनुपालन करना चाहिए ।

7) बोलीदाताओं द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सभी दस्तावेज़ इन्क्रिपशन प्रविधि पी.के.आई का प्रयोग करते हुए इन्क्रिप्टेड होंगे ताकि डेटा की गोपनीयता सुनिश्चित की जा सके । बोली को खोले जाने के समय तक प्रविष्ट किए गए डेटा को अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा नहीं देखा जा सकता है । इन्क्रिपशन प्रौद्योगिक के 128 बिट सुरक्षित सॉकेट लेयर का प्रयोग करते हुए बोली की गोपनीयता को अनुरक्षित किया गया है । संवेदनशील क्षेत्रों का डेटा स्टोरेज इन्क्रिपशन किया गया है । कोई बोली दस्तावेज़ जिसे सर्वर पर अपलोड किया गया है जो क्रमिक कुजी जनित प्रणाली का उपयोग करते हुए क्रमिक इन्क्रिपशन के अध्यधीन है । इसके अतिरिक्त यह कुंजी ऐसे मैट्रिक इन्क्रिपशन का प्रयोग कर क्रेता / बोली खोलने वाले सार्वजनिक कुंजी के अध्यधीन है । समग्र रूप से अपलोड किए गए निविदा दस्तावेज़ प्राधिकृत बोली खोलने वाले द्वारा निविदा के खोलने के बाद ही केवल पठनीय होगा ।

8) अपलोड किए गए निविदा दस्तावेज़ प्राधिकृत बोली खोलने वाले अधिकारी द्वारा निविदा को खोलने के बाद ही पठनीय होगा ।

9) बोली के सफल तथा समयबद्ध तरीके से प्रस्तुतीकरण (अर्थात् पोर्टल में “फ्रिज बिक सबमिशन” को क्लिक करने के बाद), पोर्टल सफल बोली प्रस्तुतीकरण संदेश देगा और बोली सं. और सभी संगत विवरणी सहित बोली को प्रस्तुत करने की तारीख एवं समय के साथ बोली समरी प्रदर्शित हो जाएगी ।

10) बोली समरी को मुद्रित किया जाना अपेक्षित है और बोली के प्रस्तुतीकरण के पावती के रूप में इसे रख लें । इस पावती को बोली के खुलने की किसी भी बैठक के लिए एन्ट्री पास के रूप में प्रयोग में लाया जा सकता है ।

<u>बोलीदाताओं को सहायता</u>

1) निविदा दस्तावेज़ उनमें समाविष्ट निबंधन एवं शर्तों से संबंधित किसी भी प्रकार की पूछ ताछ के लिए निविदा आमंत्रण प्राधिकारी या निविदा में निर्दिष्ट संगत संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति को संबोधित की जानी चाहिए ।

2) ऑन लाइन बोली प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया से संबंधित किसी प्रकार की पूछ ताछ या सामान्य रूप से सी पी पी पोर्टल से संबंधित पूछ ताछ को 24X7 सी पी पी पोर्टल हेल्प डेस्क को अग्रेषित कर सकते है । हेल्प डेस्क के लिए संपर्क नं. 180030702232 है । बोलीदाता +917878007972 एवं + 91-7878007973 से भी मदद ले सकते हैं ।